हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 30 अप्रैल 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 21.2 डिग्री


4
ट्रांसजेंडरों को मिलेगी पहचान, लगेगा शिविर



# आरुषि व भूपेश ने 10वीं की मैरिट लिस्ट में बनाई जगह, जिले का बढ़ाया मान

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में जशपुर जिले के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है। जिले के दो मेधावी छात्रों ने प्रदेश की टॉप-10 मेरिट लिस्ट में स्थान बनाकर यह साबित कर दिया कि जशपुर की शिक्षा व्यवस्था लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है।

## 10वीं में 93.29 और 12वीं में 93.32 प्रतिशत विद्यार्थियों ने पाई सफलता



**कलेक्टर ने दी शुभकामनाएं:** कलेक्टर रोहित व्यास ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य के लक्ष्यों के प्रति गंभीर रहने और निरंतर परिश्रम करते रहने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।

### आरुषि का प्रदेश में छठवां स्थान

आरुषि सिन्हा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश की प्रावीण्य सूची में छठवां स्थान प्राप्त किया है। श्री महावीर दिगंबर जैन एच स्कूल की छात्रा आरुषि ने 600 में से 589 अंक हासिल किए, जो 98.17 प्रतिशत है। उनकी इस सफलता से स्कूल परिसर में जश्न का माहौल है और परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

### भूपेश ने टॉप-10 में दर्ज कराई मौजूदगी

भूपेश यादव ने भी शानदार सफलता हासिल करते हुए प्रदेश की मेरिट सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया है। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल, कुनकुरी के छात्र भूपेश ने 585 अंक अर्जित किए, जो 97.50 प्रतिशत है। उनकी उपलब्धि ने यह संदेश दिया है कि सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी भी किसी से कम नहीं हैं।

### मेहनत रंग लाई

दोनों विद्यार्थियों की सफलता के बाद जशपुर जिले में हर्ष का वातावरण है। शिक्षकों, अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों ने इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने कहा कि छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और बेहतर परीक्षा प्रबंधन का परिणाम सामने आया है।

### आरुषि का लक्ष्य डॉक्टर बन जन सेवा करना

आरुषि बचपन से ही मेघावी छात्र रही है पिछली कक्षाओं में भी लगातार अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होते आ रही है। वह आगे भी मेहनत और अनुशासन से पढ़ाई करते हुए डॉक्टर बन जनता की सेवा करना चाहती है।

### बचपन से मिला शिक्षा का माहौल

आरुषि के दादा सेवानिवृत शिक्षक है।एवं मातापिता भी शैक्षणिक कार्य से जुड़े हुए है, जिससे घर में हमेशा ही शिक्षा का माहौल बना रहता है। आरुषि ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने दादा, माता पिता एवं शिक्षकों को देती हैं।

## खबर संक्षेप

### प्रभावित परिजन हेतु 8 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजनों को आरबीसी 6-4 के तहत 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। दुलदुला तहसील अंतर्गत ग्राम बांसपतरा निवासी स्व.पायल सिंह का कुंआ के पानी में डूबने से 19 सितम्बर को मृत्यु हो गई थी। मृतक के निकटतम वारिस उनके पिता गोवर्धन के लिए 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार बगीचा तहसील अंतर्गत ग्राम सरबकोम्बो.निवासी स्व. अपोलिना एक्का का हवा पानी आने से पेड़ का डगाल गिरने से 02 जुलाई 2024 को मृत्यु हो गई थी। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पति सिलास एक्का हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। जिला प्रशासन द्वारा प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत पहुंचाने के लिए आरबीसी 6-4 के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

### वॉल क्षतिग्रस्त होने की शिकायत पर विभाग सक्रिय

**जशपुरनगर।** स्टेट हाईवे-17 के चराईडांड-बतौली मार्ग स्थित कपरी नाला के पास सड़क सुरक्षा हेतु लगाए गए लोहे के गार्ड वॉल के संबंध में प्राप्त शिकायतों पर लोक निर्माण विभाग ने त्वरित संज्ञान लिया है। कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग जशपुर द्वारा जानकारी दी गई है कि उक्त स्थल का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का आकलन किया गया है।
निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गार्ड वॉल के कुछ हिस्से क्षतिग्रस्त हैं, जिसके सुधार हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।
विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त गार्ड वॉल के मरम्मत के लिए प्राक्कलन तैयार कर विशेष मरम्मत मद अंतर्गत उच्च कार्यालय को प्रेषित किया जा रहा है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि स्वीकृति प्राप्त होते ही आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ कर पूर्ण किया जाएगा, ताकि मार्ग पर आवागमन सुरक्षित बना रहे। लोक निर्माण विभाग ने आमजन को आश्वस्त किया है कि सड़क सुरक्षा से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना की संभावना को रोका जा सके।

### मलेरिया की रोकथाम संबंधी दी गई जानकारी

**सक्ती।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जिले के समस्त विकासखंडों में व्यापक स्तर पर जागरूकता एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को मलेरिया से बचाव, समय पर जांच एवं समुचित उपचार के प्रति जागरूक करना रहा। स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी कि मलेरिया एक जानलेवा, किन्तु पूर्णतः रोके जाने योग्य एवं उपचार योग्य बीमारी है। इसके उन्मूलन के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। इस वर्ष की थीम "ड्रिवन टू ऐंड मलेरियाः नाव वी कैन, नाव वी मस्ट" के अनुरूप लोगों को मलेरिया मुक्त समाज के निर्माण हेतु प्रेरित किया गया। आयोजित संगोष्ठियों में मलेरिया की रोकथाम, लक्षण, जांच एवं उपचार के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा घर-घर जाकर बुखार सर्वे किया गया। संदिग्ध मरीजों की त्वरित जांच (आरडीटी व स्लाइड) की गई तथा पॉजिटिव पाए गए मरीजों का शीघ्र एवं पूर्ण उपचार सुनिश्चित किया गया। इसके साथ ही जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता बनाए रखने एवं मच्छरों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। जल जमाव को समाप्त कर मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए विशेष अभियान भी चलाया गया।

## किराए के कमरे में बना रखा था अवैध कफ सिरप का गोदाम

# 72 लीटर नशीली कफ सिरप के साथ पकड़ा गया तस्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पत्थलगांव क्षेत्र से एक युवक को भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 72 लीटर नशीली कफ सिरप, एक मोटरसाइकिल और मोबाइल जब्त किया गया है।

बरामद सिरप की कीमत 1 लाख 44 हजार 720 रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी अरुण यादव उम्र 27 वर्ष निवासी पोंगरो कोडाबहरी थाना कांसाबेल, अपने किराए के कमरे में अवैध रूप से नशीली सिरप डंप कर बिक्री कर रहा था। सूचना मिलने पर डीआईजी एवं एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद एसडीओपी पत्थलगांव डॉ. ध्रुवेश कुमार जायसवाल के नेतृत्व में टीम गठित कर छापा मारा गया। तख्त के नीचे छिपाकर रखे थे 6 कार्टून- पुलिस टीम जब ग्राम चंदागढ़ स्थित आरोपी के किराए के कमरे में पहुंची तो पहले आरोपी पुलिस को गुमराह करने लगा। बाद में तलाशी लेने पर कमरे के भीतर लकड़ी के तख्त के नीचे खाकी रंग के 6 कार्टून मिले। इनमें 100 एमएल की 720 बोतल आनरेक्स कफ सिरप रखी हुई थी। कुल मात्रा 72 हजार एमएल (72 लीटर) पाई गई।

बाइक और मोबाइल भी जब्त- पुलिस ने आरोपी के मेमोरेण्डम बयान के आधार पर घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन भी जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ थाना पत्थलगांव में अपराध क्रमांक 88/2026 के तहत धारा 8, 21(ग) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।




### टीम का सराहनीय कार्य

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी पत्थलगांव निरीक्षक विनीत पांडेय, एएसआई लखेश साहू सहित पुलिस स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पुलिस को दें सूचना

डीआईजी एवं एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने आमजन से अपील की है कि आसपास हो रही अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा।

# भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष टिकरिहा पहुंचे जशपुर

**जशपुरनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के प्रदेशाध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा सोमवार को जशपुर पहुंचे। पश्चिम बंगाल चुनाव प्रचार अभियान से रायपुर लौटने के दौरान उन्होंने जशपुर में रुककर भाजयुमो कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। इस दौरान उन्होंने संगठन की मजबूती, युवा कार्यकर्ताओं की भूमिका और आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर चर्चा की।

प्रदेशाध्यक्ष के जशपुर आगमन पर युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। बैठक में बड़ी संख्या में भाजयुमो पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। टिकरिहा ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और युवाओं के बीच पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए राहुल योगराज टिकरिहा ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन रही है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि राज्य में जनता परिवर्तन चाहती है और इस बार भाजपा को भारी समर्थन मिल रहा है।टिकरिहा ने कहा कि भाजपा पश्चिम बंगाल में 180 से 200 सीटों के बीच जीत दर्ज करेगी और स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

बंगाल में बदलाव की लहर- प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं ने मजबूती से चुनाव लड़ा है। राज्य की जनता विकास, सुशासन और सुरक्षा चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों से राज्य में जनता मूलभूत सुविधाओं और पारदर्शी शासन से वंचित रही है, लेकिन अब माहौल बदल चुका है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देशभर में भाजपा के प्रति भरोसा बढ़ा है और उसी का असर पश्चिम बंगाल में भी दिखाई दे रहा है।



## कार्यकर्ताओं की बैठक में भरा जोश

### जशपुर संगठन को दिए निर्देश

जशपुर में आयोजित बैठक के दौरान टिकरिहा ने स्थानीय कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने, युवाओं को पार्टी से जोड़ने और आगामी कार्यक्रमों की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा भाजपा की ताकत है और हर चुनाव में युवाओं की भूमिका निर्णायक रहती है।

### कार्यकर्ताओं में उत्साह

जशपुर भाजयुमो कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। बैठक के बाद कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष का आभार जताया। जशपुर दौरे के दौरान राजनीतिक हलकों में भी हलचल तेज रही और पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर दिए गए उनके बयान की चर्चा दिनभर होती रही।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से राहगीर की मौत, दो युवक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के स्टेट हाईवे लावाकेरा–लैलूंगा मार्ग पर मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। खुटसेरा स्थित नमकीन फैक्ट्री के पास पैदल जा रहे एक राहगीर को तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी।

हादसा इतना भीषण था कि राहगीर की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक काफी तेज रफ्तार में थी और चालक नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद यह हादसा हुआ। दुर्घटना में बाइक चला रहा युवक और उसके पीछे बैठा एक अन्य युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना की सूचना मिलते ही तुमला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को 108 एम्बुलेंस की मदद से कोतबा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।



# 133 गांवों में लो वोल्टेज की समस्या होगी खत्म

**जशपुरनगर।** जिले के लोगों के लिए राहत भरी बड़ी खबर सामने आई है। लंबे समय से लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को अब जल्द ही इस परेशानी से निजात मिलने वाली है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिले के 133 गांव, नगर एवं टोला-मुहल्लों में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएंगे। जिससे जिले की बिजली आपूर्ति में सुधार होगा और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार होने वाली बिजली की समस्या का स्थायी समाधान मिल सकेगा। खासकर किसानों, छात्रों और छोटे व्यवसायियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

■ लगाए जाएंगे अतिरिक्त ट्रांसफार्मर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले को विद्युत विकास के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। 400 केवी उपकेंद्र कुनकुरी के हर्राडांड में प्रदेश का 5वां सबसे बड़ा 400/220 केवी का अत्याधुनिक उपकेंद्र स्थापित किया जा रहा है। साथ ही नए सब-स्टेशन (33/11 KV): ये सब-स्टेशन सलिहाटोली, विपतपुर, भगोरा, समडमा, मैनी, रेड़े, पालीडीह, खुटेरा एवं चेटवा सहित अन्य स्थानों पर निर्मित किए जाएंगे।एवं उच्च क्षमता केंद्र– फरसाबहार और झिक्की बगीचा में 132/33 केवी के सब-स्टेशन स्वीकृत हैं। इन योजनाओं के लागू होने से बिजली की गुणवत्ता में सुधार होगा साथ ही लो वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या खत्म होगी। औद्योगिक एवं कृषि कार्यों को गति मिलेगी तथा ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार आएगा, विद्युत विभाग में बड़ी सौगात मिलने के बाद जिले भर में खुशी का माहौल है।स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है।




# रोमांचक मुकाबलों में केजएफ-11 और ऋषु क्लब सिमडेगा की जीत

**जशपुरनगर।** स्वर्गीय शत्रुंजय प्रताप सिंह जूदेव स्मृति फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में, सोमवार रात खेले गए दो मुकाबले बेहद रोमांचक रहे, जहां पहले मैच में केजएफ-11 और दूसरे मैच में ऋषु क्लब सिमडेगा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। दोनों मैचों में खिलाड़ियों का ऑलराउंड प्रदर्शन देखने को मिला।

पहला मुकाबला जशपुर जिला अस्पताल और केजीएफ-11 के बीच खेला गया। केजीएफ-11 ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। जिला अस्पताल की टीम ने 8 ओवर में 5 विकेट खोकर 68 रन बनाए। जवाब में केजीएफ-11 की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 7.3 ओवर में 5 विकेट खोकर 69 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। इस मैच में दीपक ने बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए मैन ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया। दूसरा मुकाबला ऋषु क्लब सिमडेगा और स्टार 11 सन्ना के बीच खेला गया। ऋषु क्लब सिमडेगा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। स्टार 11 सन्ना ने निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट खोकर 105 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऋषु क्लब सिमडेगा की टीम ने 9 ओवर में 3 विकेट खोकर 105 रन बनाते हुए 7 विकेट से शानदार जीत दर्ज की।




## हर वर्ष 6 हजार रुपए की सहायता से मजबूत हो रही जशपुर के ग्रामीण

# पीएम सम्मान निधिः 72 हजार किसानों को मिला आर्थिक संबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना छत्तीसगढ़ सहित देशभर के किसानों के लिए आर्थिक सुरक्षा का मजबूत आधार बनकर उभरी है। यह योजना न केवल किसानों को नियमित वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है, बल्कि उन्हें आधुनिक और वैज्ञानिक खेती की दिशा में भी प्रेरित कर रही है।

जशपुर जिले में इस योजना का व्यापक प्रभाव देखने को मिल रहा है, जहां 71,733 किसान इससे प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हो रहे हैं। मार्च 2026 में इस योजना की 22वीं किश्त जारी की गई, जिसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ के 24 लाख 71 हजार किसानों के खातों में 498.83 करोड़ रुपए की राशि सीधे अंतरित की गई। यह राशि किसानों के लिए समय पर उपलब्ध वित्तीय सहयोग का महत्वपूर्ण उदाहरण है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पात्र किसान परिवारों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता तीन समान किश्तों में सीधे उनके बैंक खातों में प्रदान की जाती है। यह सहायता किसानों को खाद-बीज की खरीद, मजदूरी भुगतान एवं अन्य कृषि कार्यों में समय पर निवेश करने में सहायक सिद्ध हो रही है, जिससे खेती की निरंतरता और उत्पादकता बनी रहती है। जशपुर जिले के कई किसान इस योजना से लाभान्वित होकर अपनी खेती को अधिक सुदृढ़ बना रहे हैं। साल्हेकेराडीह के किसान श्री नंदराम ने बताया कि वे पिछले कई वर्षों से इस योजना के लाभार्थी हैं और प्रत्येक किश्त से उन्हें कृषि कार्यों के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने में मदद मिलती है। इससे खेती का कार्य बिना बाधा के चलता है और आय में भी स्थिरता बनी रहती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस योजना को किसानों के लिए वरदान बताया। यह योजना किसानों को केवल आर्थिक सहायता ही नहीं देती, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी प्रेरित करती है। किसान अब परंपरागत खेती के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ा रहे हैं और अपनी आय में भी वृद्धि कर रहे हैं। इससे न केवल किसानों का जीवन स्तर बेहतर हो रहा है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है।जशपुर जिले में बड़ी संख्या में किसानों तक योजना का लाभ पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि शासन की योजनाएं जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित हो रही हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना निश्चित रूप से किसानों के सम्मान, आत्मनिर्भरता और कृषि विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बनकर उभरी है।



■ आधुनिक खेती की ओर बढ़ रहे किसान

# 10 साल बाद पीवीटीजी सर्वे के लिए जिले में तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (पीवीटीजी) के हाउसहोल्ड सर्वे को लेकर प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर सर्वे कार्य शुरू कर दिया है।आदिम जाति विकास विभाग के निर्देशानुसार मोबाइल एप के माध्यम से सर्वे कराया जा रहा है, जिसके तहत पीवीटीजी एंटाइटलमेंट कार्ड के लिए आवश्यक डाटा संकलित किया जा रहा है।

जारी निर्देशों में कहा गया है कि सर्वे कार्य को अप्रैल 2026 तक निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाएगा। इसके लिए जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर समितियों का गठन कर सर्वे दलों को सक्रिय किया गया है। दी गई है जिम्मेदारी- ग्राम स्तर पर पंचायत सचिव, छात्रावास अधीक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, पटवारी और बीट गार्ड जैसे कर्मचारियों को जिम्मेदारी दी गई है।प्रशासन द्वारा सभी एजेंसियों और टीमों का चिन्हांकन कर उन्हें प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही लॉजिस्टिक्स, आईटी सपोर्ट और डेटा एंट्री से जुड़े आवश्यक इंतजाम भी सुनिश्चित किए गए हैं, ताकि सर्वे कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके। कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश- कलेक्टर द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर सर्वे कार्य को समयबद्ध और त्रुटिरहित तरीके से पूरा करें।प्रशासन का कहना है कि यह सर्वे पीवीटीजी परिवारों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने और उनके अधिकारों को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।सभी सर्वे एजेंसियों को सर्वे टीम को इसके लिए प्रशिक्षित करते हुए जिले के विकासखंडों में जिला प्रशासन द्वारा सर्वे कार्य शुरू करा दिया गया है।

## खबर संक्षेप



### हजरत बाबा जमाशाह अलैह की मजार में सालाना उर्स 30 और 31 मई को

**लखनपुर।** सद्भावना और एकता के प्रतीक हजरत बाबा जमाशाह रह. अलैह की मजार में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 30 और 31 मई को सालाना उर्स का आयोजन किया जाएगा। उर्स कमेटी के बैठक के साथ ही उर्स कमेटी का गठन पूर्ण कर लिया गया है। उर्स कमेटी के निर्णय अनुसार आगामी 30 मई को संदलपोशी का कार्यक्रम सहित 31 मई को क़व्वाली के कार्यक्रम के आयोजन का निर्णय लिया गया है। कमेटी उर्स की तैयारियों को लेकर सक्रिय हो गई है जहां बाबा का मजार पर आगामी उर्स के मद्देनजर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। गौरतलब है कि हजरत बाबा जमाशाह रह अलैह की मजार लखनपुर के बंधा ग्राम में स्थित है जहां सभी धर्म के लोग बाबा को नमन करने तथा अपनी मनचाही मुराद पूरी करने माथा टेकने पहुंचते हैं। ऐसे में उर्स के आयोजन पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ती है। इस वर्ष उर्स कमेटी के संचालन एवं देखरेख के लिए सदर शराफत अली को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया है साथ ही नायब सदर के रूप में जसीमुद्दीन,,इरशाद ख़ान, सचिव नूर मोहम्मद, ताहिर नूर,गप्पू ख़ान को मनोनीत किया गया है। इस वर्ष कमेटी के सदस्यों में इमरान हुसैन, मक़सूद हैदर, जौहर अली, सोबारक, शमीम ख़ान, हाशिम खान, जानिसार अख्तर, इमरान अंसारी, तबरेज खान, शहदुल, महफूज हैदर,साबिर अंसारी को ज़िम्मेदारी दी गई है।

### अमेरा ओसीएम में सुरक्षा मानकों के विषय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**बिश्रामपुर।** विश्व कार्यस्थल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर अमेरा ओसीएम में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों के प्रति कर्मचारियों एवं श्रमिकों को जागरूक करना तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करना रहा।कार्यक्रम के दौरान कार्यस्थल पर सुरक्षा, स्वास्थ्य संरक्षण एवं दुर्घटना निवारण के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि सुरक्षित कार्य वातावरण न केवल दुर्घटनाओं को कम करता है, बल्कि कर्मचारियों की कार्यक्षमता एवं मनोबल को भी बढ़ाता है,इस अवसर पर केंद्रीय चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ सत्यपाल, डॉ वीर भरत एवं डॉ शुभांगी ने कर्मचारियों एवं श्रमिकों को सुरक्षित कार्य व्यवहार, व्यावसायिक स्वास्थ्य, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) के सही उपयोग तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी,उन्होंने कार्यस्थल पर निर्धारित सुरक्षा नियमों के पालन, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा सतर्कता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

### भाजपाइयों ने विपक्ष का किया पुतला दहन



**भैयाथान।** महिला आरक्षण से जुड़े संशोधन विधेयक के संसद में पारित न होने के विरोध में भैयाथान चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए विपक्ष का पुतला दहन किया। साथ ही कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के खिलाफ नारेबाजी कर महिला अधिकारों के मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया दी गई। भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीरू गुप्ता ने कहा कि प्रस्तावित विधेयक महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी में सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल था, लेकिन विपक्ष के रुख ने इसे आगे बढ़ने से रोक दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने महिलाओं के हितों को नजरअंदाज किया है। जिला महामंत्री नेहा तिवारी ने भी इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि बीते वर्षों में केंद्र सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए अनेक योजनाएं लागू की हैं, जिनसे महिलाओं की भागीदारी और आत्मनिर्भरता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पुतला दहन के दौरान प्रकाश दुबे, लालचंद्र शर्मा, शांतनु गोयल, अमन प्रताप सिंह, सत्यवती दुबे, संदीप दुबे, नितिन तिवारी, अभिषेक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं महिला मोर्चा की सदस्याएं उपस्थित रहीं।

---

### बकाया भुगतान राशि लंबित होने पर फूटा आक्रोश

# किसान-मजदूरों ने केरता शक्कर कारखाना में ताला जड़ किया उग्र प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

केरता शक्कर कारखाना एक बार फिर सुर्खियों में है, जहां गन्ना किसानों और मजदूरों के बकाया राशि का लंबे समय से भुगतान नहीं होने पर बड़े आंदोलन में बदल गया है। सोमवार को बड़ी संख्या में किसानों और मजदूरों ने एकजुट होकर कारखाने के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर प्रदर्शन किया, जिससे शक्कर कारखाना का कार्य प्रभावित हुआ। किसानों व मजदूरों ने प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा तथा 20 दिन बाद भुगतान नहीं करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

**खास बात**
- किसानों को कांग्रेस ने दिया खुला समर्थन



शक्कर कारखाना प्रबंधन को ज्ञापन सौंपते किसान व कांग्रेस पदाधिकारी।

शक्कर कारखाने से जुड़े गन्ना उत्पादक किसान और वहां कार्यरत मजदूर पिछले कई महीनों से अपने बकाया भुगतान करने की मांग कर रहे है। किसानों का कहना है कि उन्होंने समय पर गन्ना आपूर्ति की, लेकिन उनका भुगतान अब तक लंबित है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। मजदूरों का आरोप है कि उन्हें मेहनताना समय पर नहीं मिल रहा, जिससे उनके परिवारों का भरण-पोषण करना कठिन हो गया है। कई बार किसानों और मजदूरों ने शांतिपूर्ण ढंग से प्रबंधन के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं और समाधान की उम्मीद जताई, लेकिन हर बार उन्हें आश्वासन ही मिला। लगातार अनदेखी करने और कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने पर सोमवार को बड़ी संख्या में किसान और मजदूर कारखाने के बाहर एकत्रित हुए और एकजुट होकर तालाबंदी का निर्णय लिया। इधर आंदोलन को उस समय और बल मिला जब कांग्रेस जिला अध्यक्ष शशि सिंह मौके पर पहुंचीं। उन्होंने प्रदर्शनकारियों के साथ खड़े होकर न केवल समर्थन दिया, बल्कि खुद कारखाने के गेट पर ताला जड़कर आंदोलन को प्रतीकात्मक मजबूती प्रदान की। शशि सिंह ने कहा कि किसान और मेहनतकश मजदूर इस कारखाने की रीढ़ हैं। उनके पसीने की कमाई को रोकना सरासर अन्याय है। यदि जल्द ही बकाया भुगतान नहीं किया गया तो कांग्रेस इस आंदोलन को और उग्र रूप देगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसानों और मजदूरों के हितों के साथ किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर सड़क से लेकर प्रशासनिक स्तर तक संघर्ष किया जाएगा। कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के समर्थन देने से किसान व मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर कारखाना के सामने जमकर प्रदर्शन किया तथा अपनी मांगों को लेकर कारखाना प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा। साथ ही 20 दिन के भीतर बकाया राशि का भुगतान किए जाने की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। आंदोलन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण भी मौजूद रहे। किसान व मजदूर के अलावा विमलेश तिवारी, विद्यासागर सिंह, अनिल गुप्ता, सुरेश आयाम, त्रिभुवन सिंह, नवीन जायसवाल, डी राम, रोहन राजवाड़े, बबीता गुप्ता, सतवंत सिंह, अविनाश साहू, लिवनेश सिंह, दिनेश राजवाड़े, गोल्डी खान और सुरेश सिंह सहित अन्य लोग आंदोलन में शामिल हुए। सभी ने किसानों और मजदूरों के बकाया भुगतान की मांग को उचित ठहराया।

#### कामकाज हुआ प्रभावित

लंबित भुगतान की मांग को लेकर किसानों एवं मजदूरों द्वारा आंदोलन करने तथा तालाबंदी के बाद कारखाने का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है, जिससे प्रबंधन के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है। बड़ी संख्या में किसान व मजदूर के अलावा कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के समर्थन करने पर बड़ी संख्या में प्रशासनिक टीम मौके पर मौजूद रहे।

---



## बड़सरा में लगे स्वास्थ्य शिविर में 42 ग्रामीणों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

क्षेत्र को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य के साथ चलाए जा रहे 100 दिवसीय अभियान के तहत प्राथमिक शाला बड़सरा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 42 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

इस शिविर की खास बात यह रही कि आधुनिक हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से बिना लक्षण वाले लोगों की भी टीबी जांच की गई। इससे संभावित मरीजों की समय रहते पहचान संभव हो सकी और ग्रामीणों को त्वरित व सटीक जांच का लाभ मिला। शिविर में महिला, पुरुष और बुजुर्ग बड़ी संख्या में पहुंचे और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव और समय पर उपचार के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही संदिग्ध मरीजों को आगे की जांच और उपचार के लिए चिन्हित किया गया। शिविर बीएमओ डॉ. राकेश सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान आरिफ अंसारी, योगेश खरे, कंजन जायसवाल, अमित चौरसिया, फरहा खान एवं मितानिन सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने सक्रिय रहे।

### इंजीनियरिंग कॉलेज में साइबर सुरक्षा पर हुआ व्याख्यान

**अम्बिकापुर।** शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में सोमवार को चित्रकार विवि चंडीगढ़ के कुलपति प्रो. पीके खोसला के मुख्य आतिथ्य में साइबर सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी स्वयं एवं अपने संगठन को रखे सुरक्षित विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ.खोसला ने अपने उद्बोधन में कहा कि रैनसमवेयर अटैक, डिजिटल अरेस्ट जैसे उभरते साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने साइबर सुरक्षा के उपायों एवं डिजिटल हाइजीन से जुड़े सुझावों को साझा किया जिससे स्वयं एवं संस्थान दोनों अपने डेटा एवं सिस्टम को सुरक्षित रख सकें। प्राचार्य डॉ.रामनारायण खरे ने भी अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ.केतन चौरसिया एवं डॉ.मोहन राव ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कॉलेज के अध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

---

## चेक डेम निर्माण ग्रामीणों के लिए आत्मनिर्भरता का बन रहा मजबूत आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बदौली में पण्डरी नाला स्थित श्मशान घाट के पास चेक डेम निर्माण ग्रामीणों के लिए आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बनता जा रहा है। जल संरक्षण के साथ-साथ यह परियोजना रोजगार सृजन और खेती-किसानी में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बन रही है।

- 19 लाख 385 रुपये की लागत से कराया गया है निर्माण



नवनिर्मित एनीकट।

जानकारी के अनुसार इस कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति 19 लाख 385 रुपये की लागत निर्माण कार्य 25 फरवरी से प्रारंभ किया गया। परियोजना में कुल 1169 मानव दिवस का प्रावधान रखा गया है, जिसमें श्रमिकों को प्रति दिवस 261 रुपये की दर से मजदूरी दी जा रही है। निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत बदौली ही है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार को बढ़ावा मिला है। चेक डेम के निर्माण से क्षेत्र के लगभग 50 से 60 किसानों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। किसान अब मक्का, सरसों, धान, अरहर, उड़द जैसी पारंपरिक फसलों के साथ-साथ परवल, भिंडी, बरबटी, मटर, लौकी, तरबूज और बैंगन सब्जियों की खेती भी कर पा रहे हैं। इससे न केवल खेती का दायरा बढ़ा है, बल्कि किसानों की आय में भी वृद्धि हो रही है। ग्राम पंचायत बदौली के सरपंच सुरेश राम ने बताया कि पहले ग्रामीणों को पानी रोकने के लिए बालू और मिट्टी से अस्थायी बांध बनाना पड़ता था, जिससे पर्याप्त पानी नहीं रुक पाता था और खेती प्रभावित होती थी। अब चेक डेम बनने से गांव में 50 से 60 किसानों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। इससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है और जीवन स्तर में सुधार आ रहा है।

---

**देश के लिए अमन चैन की दुआ मांगने का आह्वान**

## हज पर जाने वाले हज यात्रियों का किया गया सम्मान

**अंबिकापुर।** मुस्लिम समाज के पवित्र धर्म स्थल मक्का मदीना शरीफ में हज पर जाने वाले हज यात्रियों हेतु सम्मान समारोह आयोजित किया गया। नाजमिया मस्जिद रसूलपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हज यात्रियों का फूल माला से स्वागत किया गया और मिलाद शरीफ के बाद दुआ मांगी गई। इसके साथ ही हज पर जाने वाले यात्रियों से देश में अमन चैन और तरक्की की दुआ मांगने की अपील की गई।




बता दें कि प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग पवित्र धर्म स्थल मक्का मदीना शरीफ में हज पर जाते है। प्रदेश के साथ ही अब सरगुजा से भी हज पर जाने वाले यात्रियों की संख्या में इजाफा हुआ है। इस बार भी सरगुजा से बड़ी संख्या में समाज के लोग हज यात्रा पर जा रहे है। हज पर जाने से पहले रसूलपुर स्थित दारुल उलूम फैजुर्रसूल हज यात्रियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मौलाना सगीर अहमद मिस्बाही हज के महत्व की जानकारी देने के साथ ही वहां की जाने वाले इबादतों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हज के दौरान सभी हाजी अपने और अपने परिवार के लिए दुआ करने के साथ ही हिन्दुस्तान के जनता की सलामती और देश में अमन चैन और तरक्की की दुआ करें। सम्मान समारोह के पूर्व हाजियों को हज पर जाने से पहले और हज के दौरान पढ़ी जाने वाली नमाज व अन्य जरुरी बातों की जानकारी प्रदान की गई। कमेटी द्वारा हज पर जाने वाले सद्दन खान कादरी, नेहाल अहमद (गुड्डन) अंसारी, इकरार अहमद अंसारी, अब्दुल हमीद सिद्दीकी, अब्दिल शाकिर रजवी, जलालुद्दीन अंसारी, इस्लाम अंसारी, वसीम कुरैशी, अब्दुल रशीद कुरैशी, डॉ. शोएब आलम, अब्दुल रशीद, अब्दुल गनी कादरी, मो.शमीम अंसारी, गुलाम नबी, ऐनुल हक, हिना परवीन, नसरीन अंसार, शेहला अंजुम, रेशमा, नैरून बीबी, जमीला खातून का फूल मालाओं से सम्मान किया गया। इस दौरान कमेटी के मोतवल्ली जिलानी खान कादरी, सदर रशीद अहमद, हाजी मो. आदिक खान कादरी, कारी एनुल हक रजवी, कारी मुजीब अशरफ कादरी, तौफीक रजा अंसारी, रेहान सिद्दकी, जमाल खान मोनू, निक्की खान, अफाक अख्तर मुन्ना, शेख इरफान, हाजी अमानुल्लाह, सलीम जावेद, हाजी इदरीश सिद्दकी सहित अन्य मौजूद थे।

---

## सूर्य प्रकाश की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम, किया गया हवन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

कृषि मंत्री रामविचार नेताम के पुत्र सूर्य प्रकाश नेताम की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सूर्य प्रकाश मेमोरियल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में विधिवत हवन-पूजन किया गया तथा दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम के साथ उनकी पत्नी पुष्पा नेताम भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर दोनों ही भावुक नजर आए। गौरतलब है कि स्वर्गीय सूर्य प्रकाश नेताम की स्मृति में स्थापित यह विद्यालय सूर्य प्रकाश मेमोरियल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद बड़े शहरों जैसी आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। विद्यालय में वर्तमान में लगभग 650 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। यहां बच्चों के लिए आधुनिक और सुव्यवस्थित कक्षाएं, पर्याप्त खेल मैदान, शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों की सुविधा, सांस्कृतिक, खेलकूद, संगीत और कला प्रशिक्षण, व्यावहारिक



परीक्षाओं की तैयारी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस अवसर पर क्षेत्र के बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर दिवंगत सूर्य प्रकाश नेताम को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### युवती की लाश मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

**रामानुजगंज।** गांव के सरपंच उबल्क सिंह के घर कुछ मेहमान आए हुए थे। मंगलवार की सुबह मेहमान जंगल की ओर गए, जहां उनकी नजर महुआ के पेड़ से लटके एक युवती की लाश पर पड़ी तो गांव में आकर सरपंच सहित ग्रामीणों को जानकारी दी और तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। मृत युवती की पहचान ग्राम देवीगंज निवासी पूनम के रूप में हुई है, जो दीप नारायण अगरिया की बेटी बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि पूनम सोमवार की शाम करीब 4 बजे से से लापता थी और परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लाश को पेड़ से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि मामला आत्महत्या का है या किसी अन्य कारण से मौत हुई है।

---

## अधीक्षक ने उद्यान से कद्दू की फसल को उखड़वा कर फेकवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम



बेलकोटा उद्यान विभाग में उच्च अधिकारियों की जानकारी के दिए बिना ही उद्यान में पदस्थ अधीक्षक द्वारा नियम विरुद्ध की गई कद्दू की फसल बीज उत्पादन का मामला उजागर होते ही अधीक्षक ने अपनी गलतियों को छुपाने कद्दू के लगे फसल को उखड़वा के फेंकवा दिया। साथ ही पूरे प्लाट को ट्रैक्टर से जुताई करवा दिया।

बतौली के वेलकोटा उद्यान में प्रशासन के नाक के नीचे उद्यान अधीक्षक केशवचंद सिदार द्वारा अपने विभाग को गुमराह करते हुए शासकीय संपति का अवैध रूप से आर्थिक लाभ लेंने हेतु प्राइवेट कृषि कंपनी से अनुबंध कर 2 एकड़ शासकीय प्लाट में कद्दू की फसल बीज उत्पादन हेतु लगाई गई थी। शासकीय प्लाट में लगे कद्दू की बीज उत्पादन का लाभ लेने मनरेगा के मजदूर ,खाद सहित सामग्री का उपयोग किया गया है लेकिन जैसे ही फसल बीज उत्पादन का मामला सामने आया तो उद्यान अधीक्षक द्वारा 2 एकड़ प्लाट में लगे फसल को मजदूरों के सहारे उखड़वा के फेंकवा दिया जिससे साफ साफ पता चलता है कि उद्यान अधीक्षक नियमों को ताक में रखते हुए खेती की गई थी।

---

**मोनोपॉली प्रोडक्ट्स एवं कंपनियों की दवाओं की सीमित उपलब्धता पर की चर्चा**

## सरगुजा औषधि विक्रेता संघ ने आईएमए अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**अंबिकापुर।** मंगलवार को सरगुजा सरगुजा औषधि विक्रेता संघ ने रिटेल केमिस्ट से जुड़ी एक ज्वलंत समस्या मोनोपॉली प्रोडक्ट्स एवं कंपनियों की दवाओं की सीमित उपलब्धता के साथ-साथ जन स्वास्थ्य से जुड़े गंभीर प्रभावों को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण एवं सार्थक पहल की गई। यह पहल न केवल रिटेल केमिस्ट साथियों की समस्याओं के समाधान, बल्कि आमजन को आवश्यक दवाओं की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में भी एक सशक्त कदम मानी जा रही है। इस विषय को लेकर संघ ने पहले चरण में इन्डियन मेडिकल एसोसिएशन से मुलाकत की। संघ ने आईएमए के अध्यक्ष डॉ. अजय तिर्की व उपाध्यक्ष डॉ. अजय गुप्ता से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संगठन के प्रतिनिधियों ने विस्तारपूर्वक रिटेल केमिस्ट की समस्याओं के साथ-साथ इससे उत्पन्न जन स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से भी अवगत कराया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य उन दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है जो वर्तमान में मुख्यतः



हॉस्पिटल फार्मेसी तक सीमित हैं और अन्य केमिस्ट साथियों को सहज रूप से उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। साथ ही यह प्रयास आम नागरिकों को समय पर आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने एवं जन स्वास्थ्य हितों की रक्षा करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित होगा। इस दौरान संघ के अध्यक्ष अमित अग्रवाल, सचिव अजय पाठक, कोषाध्यक्ष प्रकाश श्रीवास्तव सहित रवीन्द्र प्रताप सिंह टूटेजा, विजय अग्रवाल, नवीन अग्रवाल एवं सचिन केडिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

---

## अंबिकापुर -बनारस स्टेट हाईवे में कंटेनर चालक ने बाइक सवार युवक को कुचला, मौके पर मौत

**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर-बनारस अंतरराज्यीय मार्ग पर सोमवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार 45 वर्षीय युवक की मौत हो गई,हादसा गंगापुर के पास उस समय हुआ,जब बनारस की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया,मृतक की पहचान विनय सिंह (45) पिता आनंद सिंह, निवासी अखोराकला के रूप में हुई है, जो पिछले 10-12 वर्षों से अपने ससुराल सोनगरा में रह रहा था,बताया गया कि वह अपने भतीजे के विवाह का निमंत्रण पत्र बांटने के लिए बाइक से लटोरी गया था,वापस लौटते समय रात करीब 8 बजे यह हादसा हो गया,प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कंटेनर वाहन क्रमांक यूपी 78 एफ एन 0154 के चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मारते हुए कुचल दिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई,घटना के बाद सड़क के बीचों-बीच जाम की स्थिति बन गई,सूचना मिलते ही लटोरी पुलिस मौके पर पहुंची एवं शव को सड़क से हटाकर यातायात बहाल कराया,पुलिस ने आरोपी कंटेनर चालक को गिरफ्तार कर वाहन जब्त कर लिया है।



# डॉन 3 बंद नहीं होगी, पर्दे पर जरूर दिखेगी कहानी

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक व अभिनेता फरहान अख्तर की डॉन 3 पिछले काफी वक्त से लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली डॉन 3 अपनी कास्टिंग को लेकर विवाद में फंस गई है। फिल्म में पहले रणवीर सिंह के लिए जाने और बाद में उनके फिल्म से बाहर होने के चलते, अब फरहान के प्रोडक्शन हाउस ने रणवीर पर हर्जाना देने का दावा किया है। मामला प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया तक भी पहुंच चुका है। डॉन 3 को एक महत्वपूर्ण फिल्म बताते हुए फरहान ने कहा कि फिल्म को बंद नहीं किया जाएगा। यह उन शानदार कहानियों में से एक है, जिसे मैं अब पर्दे पर उतारना चाहता हूं।

लाइफ Style



# अनीत

## शक्ति शालिनी के सेट से सामने आया नया लुक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनीत पड्डा इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं, क्योंकि उनकी आने वाली फिल्म 'शक्ति शालिनी' की एक झलक सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। इस छोटे से वीडियो ने तुरंत सबका ध्यान खींचा है, खासकर उनके दमदार नए अवतार की वजह से, जो उनकी पहले की छवि से बिल्कुल अलग है।

वीडियो के वायरल होने के बाद से इस प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा और भी बढ़ गई है। सैयारा (2025) में एक सिंपल और सहज किरदार निभाने के बाद अनीत शक्ति शालिनी के साथ एक कहीं अधिक मुश्किल रोल में नजर आने वाली हैं। फिल्म में उन्हें डबल रोल्स में दिखाया जाएगा- शक्ति, एक रक्षक शक्ति, और शालिनी, एक अधिक क्रूर और विनाशकारी व्यक्तित्व। हालांकि, फिल्म निर्माताओं ने कहानी को गुप्त रखा है, लेकिन उनके किरदारों के बीच का अंतर पहले ही चर्चा का विषय बन चुका है। वीडियो वायरल होने के बाद से ही इंटरनेट पर लोगों ने प्यार दिखाया है। सोशल मीडिया पर दर्शक उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं और अनीत को शुभकामनाएं और 'उन्हें और टीम को ढेर सारी बधाई जैसे कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, मैडॉक को उम्मीद है कि यह फिल्म अच्छी बनेगी। अनीत और टीम को शुभकामनाएं, कई लोगों ने वीडियो को शेयर करके भी इस पर गाने लगाए हैं। 2025 में अनीत पड्डा को आधिकारिक तौर पर शक्ति शालिनी की लीड एक्ट्रेस के तौर पर चुना गया था, जिससे वह मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स के साथ भी जुड़ गईं। 21 अक्टूबर, 2025 को रिलीज हुई फिल्म थामा के पोस्ट-क्रेडिट सीन में पहली बार उनके किरदार की झलक दिखाई गई थी।

हॉलीवुड मसाला



# कॉन्सर्ट में होने वाला था हमला!

**लॉस एंजिल्स।** 2024 में ऑसट्रिया की राजधानी में टेलर स्विफ्ट के कॉन्सर्ट में जिहादी हमले की योजना बनाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। 21 साल के ऑसट्रियाई युवक को 2024 में सीआईए से मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। युवक पर वियना के दक्षिण में स्थित एक अदालत में मुकदमा चल रहा है। केवल बेरान ए नाम से पहचाने जाने वाले इस युवक को मंगलवार को हथकड़ियों में वियना न्यूस्टाड्ट स्थित अदालत में पेश किया गया, जहां उस पर आतंकवाद और अन्य अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।



# फास्ट फॉरएवर की तैयारी में जुटे विन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार विन डीजल ने फास्ट एंड फ्यूरियस की अपनी को-एक्ट्रेस जोर्डाना ब्रियुस्टर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। विन डीजल ने एक्ट्रेस के जन्मदिन पर साथ में तस्वीर साझा करते हुए एक दिल छू लेने वाला नोट भी साझा किया है। विन डीजल अपनी अगली फिल्म 'फास्ट फॉरएवर' की तैयारी कर रहे हैं। ये इस फ्रैंचाइजी की 11वीं मुख्य फिल्म और कुल मिलाकर 12वीं फिल्म है। द हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, यह फिल्म दो दशकों से अधिक समय से चल रही कहानी को समाप्त करने और 'फास्ट एक्स' द्वारा छोड़े गए सस्पेंस को सुलझाने की उम्मीद है। विन डीजर ने जोर्डाना ब्रियुस्टर के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में दोनों प्यार से एक-दूसरे के कंधे पर सिर रखे खड़े हैं।



# दूसरी प्रेग्नेंसी की ऐलान के बाद दिखीं...


**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने 19 अप्रैल को अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था, जिससे फैंस खुशी से झूम उठे थे। अब वह पहली बार पब्लिक के बीच नजर आईं। साथ में रणवीर सिंह भी थे। दीपिका और रणवीर को साथ में मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। दीपिका ने ब्लू कलर की ढीली-ढाली शर्ट पहनी थी, पर उसमें उनका बेबी बंप साफ नजर आ रहा था। वहीं, रणवीर गाड़ी से उतरने के बाद दीपिका को एयरपोर्ट तक संभालकर ले जाते थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह एयरपोर्ट पर पपाराजी को पोज देने के लिए नहीं रुके और सीधा अंदर चले गए। इस दौरान रणवीर, दीपिका को प्रोटेक्ट करते नजर आए। उन्होंने पहले दीपिका की गाड़ी से उतरने में मदद की और फिर कमर पर हाथ लगाकर एयरपोर्ट पर अंदर ले गए।



# दिलजीत ने जिमी को सिखाया भांगड़ा

**नई दिल्ली।** सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ की फैन फॉलोइंग ग्लोबल स्तर पर है। यही वजह है कि अब दिलजीत जिमी फैलन के 'द टुनाइट शो' में दो साल बाद वापसी करने जा रहे हैं। साल 2024 में दिलजीत ने 'द टुनाइट शो' में अपने डेब्यू से खूब सुर्खियां बटोरी थीं। अब फिर से इस शो में वापसी की घोषणा के बाद, दिलजीत का एक वीडियो वायरल है, जिसमें वो जिमी फैलन को भांगड़ा सिखाते नजर आ रहे हैं। ये एपिसोड 'द टुनाइट शो' के आगामी एपिसोड का है, जहां दिलजीत एक बार फिर अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। दिलजीत ने अपने इंस्टाग्राम पर शो के स्टूडियो से एक वीडियो शेयर किया। शो के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने भी कुछ क्लिप शेयर किए, जिनमें दिलजीत के शो में लाए गए मस्ती भरे पलों की झलक दिखाई गई है।

टीवी मसाला



# स्प्लिट्सविला 16 की प्रतियोगी प्रीत के साथ हुआ हादसा...

**नई दिल्ली।** एमटीवी स्प्लिट्सविला सीजन 16 की प्रतियोगी प्रीत सिंह ने हाल ही में अपने साथ हुए एक हादसे के बारे में बताया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि मुंबई के एक क्लब में उनके साथ मारपीट हुई। इसके बाद उनका एक दांत टूट गया और आंखें सूज गईं। स्प्लिट्सविला 16 से प्रीत को जल्द ही बाहर कर दिया गया। ऐसा तब हुआ जब वह विशु बजाज के साथ ओरेकल के पास गईं, लेकिन उन्हें आइडियल मैच घोषित नहीं किया गया, जिसके चलते उन्हें शो से एलिमिनेट होना पड़ा। इस शो को सनी लियोनी और करण कुंद्रा होस्ट करते हैं। इसे जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। इंस्टाग्राम पर प्रीत ने अपना एक वीडियो शेयर किया है। इसमें देखा जा सकता है कि उनकी आंखें सूजी हुई हैं। कैप्शन में, उन्होंने विस्तार से घटना के बारे में बताया है। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा 'चेतावनी। मैंने हमेशा सुना है कि मुंबई लड़कियों के लिए सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है। मगर, मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह मेरा स्वागत इस तरह करेगा। जब मैं यह लिख रही हूं, तब भी मैं कांप रही हूं। मेरी आंखें सूजी हुई हैं। मेरे चेहरे पर चोट के निशान हैं। मैं अभी भी यह समझने की कोशिश कर रही हूं कि आखिर हुआ क्या।' उन्होंने बताया कि उनके साथ क्या हुआ। उन्होंने लिखा, 'मैं बस एक क्लब में अपनी दोस्त के साथ बैठी समय बिता रही थी, तभी अचानक एक लड़की चिल्लाने लगी और सवाल करने लगी कि हमें अंदर आने की इजाजत कैसे मिली।

## जल्द ही समाप्त होने वाला है नागिन-7



**नई दिल्ली।** टीवी की क्वीन कही जाने वाली निर्माता एकता कपूर ने अपने हिट सुपरनेचुरल शो नागिन 7 को लेकर एक अहम अपडेट साझा किया है। उन्होंने पुष्टि की है कि मौजूदा सीजन जल्द ही समाप्त होने वाला है और अगले साल इसे फिर से शुरू करने की योजना है। नागिन 7 का फिनाले एपिसोड अब 7 जून को टेलीकास्ट होगा, उस दिन एकता कपूर का जन्मदिन भी है। मौजूदा सीजन में प्रियंका चाहर चौधरी मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में कहानी उनके किरदार से जुड़े एक गहन लव ट्रायंगल पर केंद्रित रही है। एकता कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज में शो के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर बात करते हुए स्पष्ट किया कि सीजन को समाप्त करने का फैसला आंशिक रूप से शेड्यूलिंग की वजह से लिया गया है। उन्होंने कहा, 'नागिन को लेकर कुछ अपडेट देने आई हूं। दोस्तों, मैंने कल एक पोस्ट किया था और मुझे एहसास नहीं था कि हम अचानक शो खत्म करने वाले हैं।



# तीन दशक बाद साथ नजर आएंगे तब्बू और नागार्जुन

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार नागार्जुन ने अपनी 100वीं तेलुगु फिल्म पर काम शुरू कर दिया है। फिल्म का नाम फिलहाल 'किंग 100' है। अब फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू भी शामिल हो गई हैं। तब्बू इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। खास बात ये है कि इस फिल्म के जरिए दशकों बाद तब्बू और नागार्जुन एक साथ किसी प्रोजेक्ट में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। तब्बू ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा करते हुए फिल्म से खुद के जुड़ने और शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी। तब्बू ने एक तस्वीर साझा की, जिसमें फिल्म के टाइटल वाला क्लैपरबोर्ड एक काली कुर्सी पर रखा हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'और हम शुरू करते हैं किंग100।'इसके साथ ही तब्बू ने हैशटैग में नागार्जुन का नाम लिखा है और मेकर्स को मेंशन किया है।'किंग 100' के जरिए तब्बू और नागार्जुन लगभग 30 साल बाद साथ में वापसी कर रहे हैं। इससे पहले नागार्जुन और तब्बू साल 1996 में आई रोमांटिक फिल्म 'निन्ने पेल्लादाता' में साथ नजर आए थे। अब दर्शक तीन दशक बाद दोनों को एक ही फिल्म में देखने के लिए उत्साहित हैं। हालांकि, 'किंग 100' की कास्ट और क्रू व फिल्म की कहानी के बारे में अभी अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। वर्कफ्रंट की बात करें तो तब्बू हाल ही में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' में नजर आई हैं। इस फिल्म में परेश रावल, राजपाल यादव और वामिका गब्बी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं। फिल्म इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। वहीं, नागार्जुन को आखिरी बार पिछले साल आई रजनीकांत की तमिल एक्शन फिल्म 'कुली' में देखा गया था।

# इंस्पेक्टर से लेकर विलेन तक की निभाई भूमिका

**नई दिल्ली।** भरत कपूर ने फिल्मों में लीड एक्टर के अलावा साइड एक्टर के तौर पर काम किया। उन्होंने फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई। छोटे पर्दे पर भी उन्होंने अपना दबदबा बनाया। बॉलीवुड में 1970, 80 और 90 के दशक की कई फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता भरत कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। पिछले कुछ समय से भरत कपूर की तबीयत खराब चल रही थी। उनकी उम्र 80 साल थी।

## कैसे मिला फिल्मों में काम?

भरत कपूर का सफर संघर्षों से भरा रहा। वह थिएटर आर्टिस्ट थे। अभिनेता देव आनंद के भाई चेतन आनंद ने उन्हें फिल्मों में सबसे पहला ब्रेक दिया था। चेतन आनंद ने भरत



को एक नाटक में अभिनय करते देखा था। उस नाटक का नाम था 'तनहाई'। भरत का अभिनय चेतन को पसंद आया। चेतन ने जब भरत को फिल्मों में काम करने का ऑफर दिया तो उन्होंने तुरंत स्वीकार कर लिया। भरत ने चेतन आनंद की दो फिल्मों हंसते जख्म और हिंदुस्तान की कसम में काम किया।

## लीड एक्टर के तौर पर

भरत कपूर ने अपने कॅरियर में एक ऐसी फिल्म की, जिसमें वह लीड रोल में थे। यह फिल्म गुप्त ज्ञान (1974) थी। यह फिल्म यौन शिक्षा पर आधारित थी। इसमें वह सेक्सोलोजिस्ट की भूमिका में थे। फिल्म काफी हिट रही थी। एक और फिल्म थी, जिसमें भरत ने हीरो का किरदार निभाया था। इसका नाम 'क्षितिज' था। हालांकि बतौर हीरो भरत कपूर को कामयाबी नहीं मिली।

### मुख्य फिल्में

बाजार (1982) में भरत कपूर ने अखतर हुसैन की दमदार भूमिका निभाई, जिसे आलोचकों ने सराहा। आखिरी रास्ता (1986) में उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ खलनायक का रोल किया, जिसे खूब पसंद किया गया। सोने पे सुहागा (1988) में उन्होंने प्रकाश का किरदार निभाया था, इससे उन्हें पहचान मिली। उन्होंने जंगल में मंगल (1972), दिल से मिले दिल (1978), पुलिस लॉक-अप (1995) और हिम्मतवर (1996) में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका निभाई।

## खलनायक के रोल में मिली कामयाबी

भरत कपूर ने कई फिल्मों में अभिनय किया। हालांकि, उन्हें विलेन के किरदार में कामयाबी मिली। साल 1979 में आई यश चोपड़ा की फिल्म नूरी में भरत कपूर ने बतौर विलेन काम किया। इसमें उन्होंने बशीर खान का किरदार निभाया था, जिसके लिए उन्हें तारीफ मिली। भरत कपूर की यादगार फिल्मों में सोने पे सुहागा (1988), बलिदान (1985) और मीनाक्षीः टेल ऑफ 3 सिटीज (2004), बरसात (1995) और साजन चले ससुराल (1996) हैं।

## अगले 2 साल में रिलीज होंगी 12 फिल्में

# ये माइथोलॉजिकल फिल्में एआई के दम पर मचाएंगी धमाल

***नई दिल्ली।*** *साल 2026 और 2027 सिनेमा के लिहाज से काफी अहम रहने वाला है। इस साल पहले चार महीनों में बॉर्डर 2, धुरंधर 2 और भूत बंगला जैसी फिल्मों ने कमाई के मामले में शानदार प्रदर्शन करके दिखाया है। अब साल के बाकी महीनों में भारतीय सिनेमा की तरफ से माइथोलॉजिकल जॉनर की मूवीज का दबदबा देखने को मिलेगा। जिनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वीएफएक्स टेक्नोलॉजी का एक अलग लेवल का इस्तेमाल नजर आएगा। ऐसे में आइए जानते हैं कि आने वाले अगले दो सालों में कौन-कौन सी मोस्ट अवेटेड 12 माइथोलॉजिकल मूवीज बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा।*



**रामायण पार्ट-1** : इसकी शुरुआत सुपरस्टार रणबीर कपूर की बहुचर्चित फिल्म रामायण पार्ट-1 से होगी, जिसका निर्देशन फिल्ममेकर नितेश तिवारी ने किया है। 8 ऑस्कर अवॉर्ड जीतने वाली वीएफएक्स कंपनी और हॉलीवुड स्टूडियो डीएनईजी रामायण में वीएफएक्स का काम संभाल रही है। दीवाली 2026 पर इस पौराणिक कहानी वाली फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

**चिरंजीवी हनुमान– द इटरनल** : भारत की पहली एआई-पावर्ड पौराणिक फिल्म है, चिरंजीवी हनुमान– द इटरनल का ऐलान बीते साल किया गया था। इतना ही नहीं 2 अप्रैल 2026 को हनुमान जयंती के अवसर पर इसकी रिलीज डेट भी फाइनल की गई थी। लेकिन, खबरों की मानें तो इस मूवी को आगे के लिए शेड्यूल कर दिया गया है।

**महावतार** : करीब दो साल पहले मैडॉक फिल्म्स की तरफ से विक्की कौशल स्टारर फिल्म महावतार की घोषणा की गई थी, जिसमें छावा एक्टर भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो महावतार को अगले साल थिएटर्स में रिलीज किया जा सकता है।

**जय हनुमान** : तेलुगू मूवी 'हनु-मैन की अपार सफलता के बाद मेकर्स ने इसके सीक्वल जय हनुमान का एलान किया था। माना जा रहा है कि इस मूवी की शूटिंग इसी साल शुरू होगी और 2027 में ये रिलीज की जाएगी। फिल्म में अभिनेता ऋषभ शेट्टी भगवान हननमान की भूमिका में नजर आएंगे। इस मूवी के लिए मोशन पिक्चर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा।

**महाकाली** : अभिनेता अक्षय खन्ना की अपकमिंग फिल्म भी माइथोलॉजिकल जॉनर से नाता रखती है। तेलुगु सिनेमा की पेशकश महाकाली को अगले साल बड़े पर्दे पर रिलीज किया जा सकता है।

**सीता- द इनकार्नेशन** : साल 2021 में अभिनेत्री कंगना रनौत ने फिल्म सीता- द इनकार्नेशन का आधिकारिक एलान किया था। इस मूवी की रिलीज का फैंस बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। अगले साल हो सकता है ये रिलीज की जाए।

**द्रौपदी** : बताया जा रहा है कि लेडी सुपरस्टार दीपिका पादुकोण का प्रोडक्शन हाउस महाभारत के लोकप्रिय पात्र द्रोपदी पर एक फिल्म बनाने की तैयारी कर रहा है। हालांकि, इसकी अनाउंसमेंट और रिलीज डेट की जानकारी आना बाकी है।

***कल्कि पार्ट 2*** *: साउथ सिनेमा के मशहूर फिल्ममेकर नाग अश्विन की मोस्ट अवेटेड मूवी कल्कि पार्ट 2 का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। अमिताभ बच्चन, कमल हासन और प्रभास स्टारर इस माइथोलॉजिकल और साइंस फिक्शन थ्रिलर का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। माना जा रहा है कि अगले साल ये साउथ मूवी बड़े पर्दे पर दस्त दे सकती है।*

***रामायण 2*** *: फिल्म रामायण को दो भागों में बनाया गया है। जिसका दूसरा भाग अगले साल दीवाली के मौके पर रिलीज के लिए शेड्यूल किया गया है, इसमें युद्ध कांड की कहानी को दर्शाया जाएगा।*

***महावतार परशुराम*** *: महावतार नरसिम्हा जैसी ब्लॉकबस्टर एनिमेटेड मूवी बनाने वाले होम्बले फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस की अगली फिल्म एनिमेटेड माइथोलॉजिकल फिल्म का नाम महावतार परशुराम है, जिसकी रिलीज डेट की घोषणा हाल ही में हुई है। 3D एनिमेशन और एनीमे टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से बनी इस मूवी को अगले साल दिसंबर 2027 में रिलीज किया जाएगा।*

## खबर संक्षेप



### सरसीवा क्षेत्र में खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने की जांच

**सारंगढ़।** जन स्वास्थ्य की सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सही दवा शुद्ध आहार यही है छत्तीसगढ का आधार की थीम पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा सरसीवा क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया गया तथा छोटे छोटे ठेले, गुमटी, होटल, कोल्डड्रिंक सेंटर व किराना दुकानों में जाकर निरीक्षण किया गया एवं उनको खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कुछ जगह पर अखाद्य रंग, उपयोग किए तेल, कालातीत खाद्य सामग्री को नष्ट कराया गया। दल द्वारा जगह जगह उपस्थित लोगों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया तथा जिन दुकानदारों के पास आवश्यक खाद्य पंजीयन नहीं पाया गया उनको पंजीयन हेतु निर्देशित किया गया। आम जनता से भी अपील किया गया कि खाद्य पदार्थों का उपभोग जांच परख कर ही किया जाए। किसी भी प्रकार का अगर कोई शिकायत हो तो विभाग को सूचित करने की अपील की गई। पुलिस और राजस्व विभाग के दल में अभिहित अधिकारी भारत भूषण पटेल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी वरुण पटेल शामिल थे।

### षष्ठी देवी का निःशुल्क हुआ सफल सी.सेक्शन

**रायगढ़।** जिले में स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। इसी क्रम में शासकीय मातृ एवं



शिशु अस्पताल रायगढ़ में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत एक महिला का सफल सी.सेक्शन ऑपरेशन निःशुल्क किया गया। हितग्राही षष्ठी देवी जायसवाल ने बताया कि प्रसव के दौरान ऑपरेशन की स्थिति बनने पर निजी अस्पतालों में होने वाला खर्च उनके परिवार के लिए चिंता का विषय बन गया था। ऐसे में शासकीय अस्पताल में भर्ती कराए जाने पर आयुष्मान कार्ड के माध्यम से उनका पूरा उपचार बिना किसी खर्च के संपन्न हुआ। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए बताया कि डॉक्टरों एवं स्टाफ द्वारा निरंतर देखभाल की गई। समय.समय पर स्वास्थ्य की जानकारी ली जाती रही तथा सभी आवश्यक सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। षष्ठी देवी ने इस सफल उपचार के बाद शासन की स्वास्थ्य योजनाओं एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना जैसी पहल से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को बड़ी राहत मिल रही है और पात्र हितग्राहियों को इसका लाभ अवश्य लेना चाहिए। जिले में शासकीय मातृ एवं शिशु अस्पताल में उपलब्ध विशेषज्ञ सेवाओं और आधुनिक सुविधाओं के चलते अब जटिल प्रसव के मामलों में भी सुरक्षित एवं निःशुल्क उपचार संभव हो रहा है। आयुष्मान भारत योजना एवं अन्य स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से स्वास्थ्य सेवाओं का स्तर लगातार बेहतर हो रहा है।

### तीन डेयरी से लिया दूध दही व पनीर का सैंपल

**रायगढ़।** पहले दिन शहर में संचालित तीन दूध डेयरी से दूध, दही और पनीर का सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजी गई है। रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। वहीं दूसरे दिन जिले में सही दवा, शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार अभियान के तहत खाद्य गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार निरीक्षण एवं जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में सोमवार को जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे ने रायगढ़ शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## बिना पंखा और लाइट के नौनिहाल हो रहे बेहाल, तपती धूप में पढ़ने को मजबूर

# जहां नौनिहाल गढ़ते हैं भविष्य वहां आज भी छाया है अंधेरा, भरी गर्मी व तपती धूप में पसीने से तर-बतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

43 डिग्री तापमान में जहां पंखे, कूलर, एसी भी राहत नहीं पहुंपा पा रहा है, ऐसे हालात में 12 बाई 12 के एक कमरे में बैठे दो-तीन साल के नन्हें बच्चों के माथे से टपकते पसीने किसी पीड़ा से कम नहीं है। यह हालात है जिले के उन आंगनबाड़ी केंद्रों की जहां आज की आधुनिकता के दौर में भी अंधेरा छाया है। ऐसे हालात इसलिए बने हैं क्यों कि अब तक यहां बिजली नहीं पहुंची है। हालात यह है कि जहां नौनिहाल अपना भविष्य गढ़ते हैं वहां आज भी अंधेरा कायम है। इसके कारण भरी गर्मी और तपती धूप में बच्चे पसीने से तर-बतर हो जाते हैं। हालांकि अब जब कलेक्टर को इस बात की जानकारी मिली है तो उन्होंने पहल करते हुए तत्काल ऐसे केंद्रों में बिजली लगाने का निर्देश दिया है। अब महिला बाल विकास के अधिकारियों ने सीएसपीडीसीएल को इसकी सूची सौंप दी है।

सुविधा और संसाधनों के नाम पर हर साल करोड़ों रुपए खर्च होता है, इसके बावजूद जिले के ऐसे करीब 925 आंगनबाड़ी केंद्र हैं जहां आज भी अंधेरा छाया है। भरी गर्मी, तपती धूप में वहां पढ़ने वाले नौनिहालों पर क्या गुजरती होगी यह सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। यहां अब तक बिजली नहीं पहुंची है। याने विना बिजली सालों से ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैं। यहां अपनी बुनियादी शिक्षा हासिल करने वाले नौनिहालों को ना तो पंखा नसीब हो रहा है और ना ही बिजली। हाल में ही इसकी जानकारी जब कलेक्टर को मिली तो उन्होंने नाराजगी जताई। इसके बाद महिला एवं बाल विकास विभाग ने विद्युत विभाग को विद्युत विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों की सूची सौंपी गई है। बताया जा रहा है कि इन

**खास बात**

- जिले के 925 आंगनबाड़ी केन्द्रों तक अभी नहीं पहुंच सकी बिजली



**ढाई हजार आंगनबाड़ी केंद्र**

गौरतलब है कि जिले में कुल 2 हजार 709 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं, जिसमें 422 आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन किराए के भवनों में और 176 सामुदायिक भवनों में हो रहा है। वहीं 772 आंगनबाड़ी केंद्रों के पास स्वयं का भवन भी नहीं है। इस समस्या के बीच जिले के 925 आंगनबाड़ी केन्द्रों में बचपन की शिक्षा हासिल करने आने वाले नौनिहालों सहित काम करने वाले कार्यकर्ता और सहायिकाओं को बिजली तक नसीब नहीं हो सकी है। मुख्य बात यह है कि इन आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन कई वर्षों किया जा रहा है, लेकिन यहां अब तक बिजली की सुविधा दी जा सकी है। कई बार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने केन्द्रों में बिजली आपूर्ति के लिए मांग भी की है, लेकिन उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया ।

**डीएमएफ से हो रहा काम**

जानकारी के अनुसार इन आंगनबाड़ी केन्द्रों में बिजली आपूर्ति संबंधी समस्या काफी समय से बनी हुई थी। किसी केन्द्र में आंतरिक तो किसी में बाह्य कनेक्शन आदि में तकनीकी खामियों की वजह से यह स्थिति निर्मित हुई थी। फिलहाल विद्युत विहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों में बिजली आपूर्ति के लिए डीएमएफ से विद्युत विभाग को राशि आबंटित की गई है।

**मरम्मत कराने हर साल मिलते हैं 3 हजार**

इस संबंध में विभागीय अधिकारियों की मानें तो केन्द्र सरकार की ओर प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्रों के बिजली, पानी, रंगाई-पोताई सहित अन्य मरम्मत कार्यों के लिए 3 हजार रूपए आबंटित किए जाते हैं। यह राशि काफी वर्षों से नहीं बढी है। वहीं फंड में देरी की वजह से आंगनबाड़ी केंद्रों में कई तरह के काम अधूरे पड़े हुए हैं।

**सौंपी गई सूची**

जिले में 925 आंगनबाड़ी केन्द्रों में बिजली आपूर्ति कराने के लिए सीएसईबी को सूची सौंप दी गई है। फिलहाल संबंधित आंगनबाड़ी केन्द्रों में काम चल रहा है।

**एलआर कच्छप**
डीपीओ, महिला एवं बाल विकास विभाग

### ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खाईवाल गिरफ्तार मोबाइल और नकदी जब्त

**रायगढ़।** जिले में अवैध ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए साइबर और जूटमिल पुलिस की संयुक्त टीम ने कैदीमुड़ा ओवरब्रिज के पास आम गली में आईपीएल मैच के दौरान ऑनलाइन और ऑफलाइन क्रिकेट सट्टा खिलवा रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली और बेंगलुरु के बीच चल रहे आईपीएल मुकाबले में एक युवक घूम-घूमकर मोबाइल के जरिए ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टा संचालित कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दबिश दी और आरोपी अनुराग यादव 26 साल निवासी ट्रांसपोर्ट नगर को रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ और तलाशी में आरोपी के कब्जे से सट्टा पट्टी, मोबाइल, नगद रूपए आदि बरामद किया गया। इसके अलावा मोबाइल की जांच करने पर एक आईडी के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करने के साक्ष्य भी मिले। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 6 और 7 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

# ऐन वक्त पर पहुंची पुलिस कटने से बच गई एटीएम



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**व्यापार में नुकसान और कर्ज से परेशान वेल्डर ने बनाई थी एटीएम लूट की योजना**

पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत गेरवानी चौक के समीप स्थित एटीएम में कुछ संदिग्ध युवकों को पुलिस ने रात्रि गस्त के दौरान गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से गैस कटर सहित कुछ अन्य औजार बरामद किए गए हैं। आरोपी पहले एक प्लांट में वेल्डर था, बाद में व्यापार और कर्ज से परेशान होकर उसने एटीएम लूटने की योजना बनाई थी।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात करीब 03 बजे के पूंजीपथरा थाने से एक पेट्रोलिंग टीम गेरवानी की ओर निकली थी, इसी बीच वहां मौजूद एटीएम में संदिग्ध गतिविधियां नजर आई। जिसके बाद टीम ने मौके पर पहुंच कर आरोपियों को एटीएम से पैसों की चोरी करते रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी गैस कटर से एटीएम काटने का प्रयास कर रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें घेराबंदी करते हुए दबोच लिया। इनमें से एक आरोपी जिसका नाम पंकज पासवान बताया जा रहा है, वह मौका देख कर भागने का प्रयास कर रहा था, लेकिन पकड़ा गया। वहीं आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त गैस कटर बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी पंकज पासवान पिता योगेन्द्र पासवान 29 साल निवासी ग्राम डूबरीडीह झारखंड ने बताया कि वह प्लांट में वेल्डिंग का काम करता था, ट्रांसपोर्ट व्यवसाय में नुकसान और कर्ज के दबाव के चलते उसने एटीएम से चोरी की योजना बनाई थी।

### तीन सड़क हादसे में गई चार जानें, तीन की हालत गंभीर

**अकलतरा।** अकलतरा क्षेत्र में रविवार रात एवं सोमवार सुबह तीन अलग-अलग हादसों में चार लोगों की मौत हो गई एवं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए बिलासपुर रेफर किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पहली घटना नेशनल हाईवे 49 की है, जहां सेन्ट्रल के दो कर्मचारी पंकज कुमार सिंह उम्र 51 वर्ष निवासी उत्तर प्रदेश एवं नितिन भास्कर उम्र 33 वर्ष निवासी महाराष्ट्र किसी कार्य से जांजगीर आए हुए थे एवं वे देर रात कार में सवार होकर रायपुर की ओर जा रहे थे। उनकी कार सरोज फ्यूल्स के पास पहुंची ही थी कि रास्ते में कोयला भरे ब्रेकडाउन होकर खड़ी ट्रक में जा घुसी। घटना इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही सामने बैठे पंकज कुमार सिंह एवं नितिन भास्कर की मौत हो गई।

**अभिभावकों ने कलेक्टर से की मांग**

# एकलव्य आवासीय स्कूल में बच्चों को नहीं मिला ग्रीष्मकालीन अवकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



बढ़ती गर्मी के बीच खरसिया के छोटे मुड़पार स्थित एकलव्य आवासीय आदर्श विद्यालय के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने कलेक्टर से मुलाकात करते हुए बच्चों को ग्रीष्मकालीन अवकाश देने की मांग की है। अभिभावकों ने बताया कि सभी स्कूलों में शासन भीषण गर्मी की वजह से ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया है, लेकिन खरसिया के एकलव्य स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थी अब भी स्कूल में ही है, उनकी छुट्टी नहीं की गई है।

कलेक्टोरेट पहुंचे अभिभावकों ने बताया के शासन ने भीषण गर्मी की वजह से 20 अप्रैल को ही शासकीय सहित निजी स्कूलों का ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया गया है। सभी स्कूलों के बच्चे अपने-अपने घरों में हैं, लेकिन खरसिया के एकलव्य आवासीय आदर्श विद्यालय में पढ़ने वाले उनके बच्चों का अब तक ग्रीष्मकालीन अवकाश का लाभ नहीं मिल सका है। पालकों का कहना है कि वे इस बीच कई बार स्कूल गए और ग्रीष्मकालीन अवकाश देने की मांग भी की, लेकिन इसके लिए इनकार कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर उक्त विद्यालय भवन में शीतल पेयजल तथा कूलर आदि की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने की वजह से बच्चों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहां दिन भर में कई बार बिजली गुल रहती है, ऐसे में भीषण गर्मी की वजह से स्कूल में बच्चों की तबीयत प्रभावित हो रही है। पालकों का कहना है कि जब शासन ने ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया तो ऐसी स्थिति में वहां भी बच्चों को छुट्टी दे देनी चाहिए। यही वजह है कि उन्होंने जिला प्रशासन से इस संबंध में उचित पहल करने की मांग की है। पालकों ने कहा कि यदि जल्द से जल्द बच्चों को ग्रीष्मावकाश की अनुमति दी जाती है तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

## तीन दिवसीय कुष्ठ विकृति सुधार शल्यक्रिया शिविर का शुभारंभ

**रायगढ़।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में कुष्ठ रोग से उत्पन्न शारीरिक विकृतियों के उपचार एवं पुनर्वास हेतु किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय रायगढ़ में 3 दिवसीय कुष्ठ विकृति सुधार शल्यक्रिया शिविर का शुभारंभ किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे ने शिविर का निरीक्षण किया तथा मरीजों से भेंट कर उनका हाल.चाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने बताया कि शिविर के प्रथम दिवस जिले के विभिन्न विकासखण्डों के साथ.साथ अन्य जिलों से भी पहुंचे मरीजों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण किया गया। जांच के उपरांत पात्र 24 मरीजों को शल्यक्रिया हेतु चिन्हित किया गया, जिनका रायपुर से आए विशेषज्ञ सर्जनों की टीम द्वारा चरणबद्ध तरीके से निःशुल्क ऑपरेशन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग से प्रभावित कई मरीजों के हाथों की उंगलियां मुड़कर पंजे जैसी टेढ़ी हो जाती हैंए जिससे उन्हें कोई वस्तु पकड़ने में कठिनाई होती है। वहीं कुछ मरीज चलते समय अपने पैर के आगे वाले हिस्से को ऊपर नहीं उठा पाते, जिससे पैर घिसटता है और गिरने का खतरा बना रहता है।

## 33 प्रतिशत आरक्षण के समर्थन में जनपद का प्रस्ताव, विपक्ष पर साधा निशाना



**रायगढ़।** जिले में महिला सशक्तिकरण को लेकर जनपद पंचायत रायगढ़ ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग का समर्थन करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया हैए जिसे लोकतंत्र को अधिक समावेशी और संतुलित बनाने की दिशा में अहम पहल माना जा रहा है। इस प्रस्ताव के जरिए न केवल महिलाओं के अधिकारों की वकालत की गई है, बल्कि राजनीतिक निर्णय प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया है।जनपद पंचायत द्वारा जारी ज्ञापन में संसद में आरक्षण बिल को लेकर हो रहे अवरोधों पर चिंता जताई गई है। प्रस्ताव में विपक्षी दलों पर आरोप लगाया गया है कि वे संकीर्ण राजनीतिक सोच के चलते इस महत्वपूर्ण विधेयक में बाधा डाल रहे हैंए जिससे महिलाओं को उनका हक मिलने में देरी हो रही है। जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट कहा कि महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देना समय की मांग है और इससे समाज में लैंगिक समानता को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुजाता चौहान ने कहा कि यह सिर्फ एक प्रस्ताव नहींए बल्कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की आवाज हैए जिसे हर स्तर तक पहुंचाया जाएगा।

## रमापति स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह

**चंद्रपुर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रमापति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंद्रपुर हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में लोकल कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शिवनाथ पटेल इंग्लिश मीडियम के प्रभारी प्राचार्य गिरधारी निषाद एवं उप प्राचार्य ताराचंद निषाद के द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र में पूजन अर्चन के पश्चात वार्षिक परीक्षा 2026 में प्रथम, द्वितीय एवम तृतीय आए छात्र छात्राओं को कार्यक्रम में आमंत्रित कर विद्यालय के प्राचार्य श्रीमान शिवनाथ पटेल एवं प्रभारी प्राचार्य गिरधारी निषाद के द्वारा स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक श्रीमान बड़े सर एवम श्रीमती बड़ी ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को स्वर्णिम भविष्य की शुभकामना दी।

## ट्रांसजेंडरों को मिलेगी पहचान, लगेगा शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ट्रांसजेंडरों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की पहल की जा रही है। इसके लिए इस समुदाय के लोगों को पहचान पत्र दिया जाएगा। इसके लिए शिविर लगाए जाएंगे। ट्रांसजेंडर समुदाय को सामाजिक एवं आर्थिक मुख्यधारा से जोड़ने उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने, जागरूकता बढ़ाने और पंजीयन प्रक्रिया को सहज बनाने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग द्वारा जिला एवं क्षेत्रीय स्तर पर विशेष जागरूकता एवं सुविधा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इन शिविरों का आयोजन स्थानीय गैर सरकारी संगठनों एवं ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड के समन्वय से किया जाएगा, जहां सभी आवश्यक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इन शिविरों में ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को पहचान पत्र पंजीयन, प्रमाण पत्र जारी करनेए आवश्यक मार्गदर्शन एवं अन्य शासकीय सेवाओं की सुविधा एक ही स्थान पर प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। गत दिवस जिला कलेक्टोरेट परिसर में जिला प्रशासन और ट्रांसजेंडर समुदाय के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई थी।

## चक्कर खाकर गिरे छिछोर उमरिया के पंच, मौत, लू लगने की आशंका



**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र के ग्राम छिछोर उमरिया के वार्ड क्रमांक 9 के पंच रमेश गुप्ता की मौत हो गई। 35 वर्षीय रमेश अपने ससुराल जा रहे थे तभी मंशाटार के पास अचानक चक्कर आने से गिर पड़े। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। ग्रामीणों का अंदेशा है कि पंच की मौत लू लगने से हुई है, लेकिन पुसौर बीएमओ डॉ. विनोद नायक ने इसकी पुष्टि नहीं की है। बीएमओ श्री नायक ने कहा कि चक्कर खाकर जरुरत गिर गए थे, लेकिन जब तक पीएम रिपोर्ट नहीं आ जाता तब तक कोई भी परिणाम निकालना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकती है।

जानकारी के अनुसार रमेश गुप्ता पिता ज्योतिष गुप्ता रविवार दोपहर अपने ससुराल जाने के लिए निकले थे। मंशाटार के पास भीषण गर्मी के कारण उन्हें चक्कर आया और वे वहीं गिरकर बेहोश हो गए। राहगीरों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और रमेश को अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी सांसे थम गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया। इसके बाद रमेश का पार्थिव शरीर परिजनों को सौंप दिया गया। अंतिम संस्कार में गांव के सैकड़ों लोग शामिल हुए। ग्राम पंचायत छिछोर उमरिया की सरपंच रामेश्वरी महेंद्र साव बारीकी से नजर रख रही थीं। जहां जो जरूरत महसूस हुई उसे पूरा किया गया। घटना पर शोक प्रकट करते हुए सरपंच ने कहा छिछोर उमरिया पंचायत ने एक होनहार और कर्मठ पंच को खो दिया।



### बरमकेला बीईओ ने किया पदभार ग्रहण

**बरमकेला।** बरमकेला बीईओ के तौर पर मुकेश कुर्रे ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही शिक्षा विभाग में नई ऊर्जा एवं सकारात्मक माहौल का संचार हुआ। इस अवसर पर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन बरमकेला द्वारा उनका स्वागत किया गया। पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम का आयोजन एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें विभाग के विभिन्न अधिकारी कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। बरमकेला विकासखण्ड शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है, किंतु अभी भी कई चुनौतियाँ मौजूद हैं, जिनका समाधान एक सक्षम एवं दूरदर्शी नेतृत्व से ही संभव है। फेडरेशन विश्वास व्यक्त किया कि श्री कुर्रे के अनुभव, एवं प्रशासनिक क्षमता के चलते क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा और गति प्राप्त होगी।

**न्यायालय तहसीलदार जशपुर, जिला जशपुर (छ.ग.)**
रा.प्र.का./202603031400009/31-21
(6)/2025-26
ग्राम जशपुर, प.ह.नं. 07, तहसील जशपुर

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व संबंधित ग्रामीण जनता ग्राम जशपुर, प.ह.नं. 07. तहसील जशपुर के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार गुप्ता आ. बैजनाथ गुप्ता, जाति रौनियार, निवासी बनियाटोली, जशपुरनगर, तहसील व जिला जशपुर (छ.ग) के द्वारा रूपयों की आवश्यकता पड़ जाने के कारण ग्राम जशपुर, प.ह.नं. 07. तहसील जशपुर में स्वयं के नाम पर स्थित भूमिस्वामी हक की व्यपवर्तित भूमि खसरा नं0 502/92 रकबा 0.020 हे. स्थित भूमि को अनावेदिका /केता मालती देवी पति वकील शाह जाति रौनियार निवासी मोहल्ला गायत्री मंदिर के पीछी पुरानीटोली जशपुरनगर के पक्ष में पंजीकृत विकय पत्र के माध्यम से विकय किये जाने की अनुमति हेतु कलेक्टर महोदय जशपुर के समक्ष आवेदन पत्र पेश करने पर अनुविभागीय अधिकारी (रा) जशपुर के माध्यम से प्रकरण जॉच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त होने पर कार्यवाही प्रारंभ किया गया।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 07.05.2026 को इस न्यायालय में होना नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वत: अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त कि आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया जावे।

**तहसीलदार**
**जशपुर, छत्तीसगढ़**

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त